बिना पानी अंडे पकाने की मशीन

जितेन्द्र खर्डे

यह सच है कि सूक्ष्म-तरंग चूल्हे की सहायता से आप अपना खाना किसी खास पाक कला के ज्ञान बिना आसानी से पका सकते हैं, लेकिन बिना पानी के अंडे को उबालना या पकाना एक कमाल की चतुराई है। यह कमाल कर दिखाया है ब्रिटेन के साईमन रिम्स ने। बोर्नमाउथ विश्वविद्यालय के इस 23 वर्षीय छात्र साइमन रिम्स ने अंडे को एक भी बूंद पानी के बिना ही पका कर रसोई कला में अपना विलक्षण कौशल दिखाया है।

उनके इस बल्ब एग मेकर उपकरण में चार उच्च शक्ति के हेलोजन बल्बों को एक 12 इंच के डिब्बे में आमने-सामने रखा और उनके बीच में एक धातु के स्टेंड पर अंडे को रखा गया। हेलोजन बल्ब से निकलने वाली ऊष्मा इतनी ऊर्जा देती है जिससे अंडे को सात मिनट के भीतर ही आसानी से पकाया जा सकता है।

इस बी.ई.एम. के जरिए उन्होंने अब तक 600 से ज्यादा अंडों को पकाने का परीक्षण किया है जो पूर्णतः सफल रहा है। अब साइमन रिम्स अपने इस उपकरण के व्यवसायिक उत्पादन के लिए किसी निवेशक की खोज में हैं, जो इसे निम्न लागत पर बना कर आम लोगों तक पहुंचा सके। ***(स्रोत विशेष फीचर्स)***